# INTERNAL
# EXAM
# CELL

प्रमाणित किया जाता है कि इस रजिस्टर में 68 पेज अंकित है।

Principal
Govt.College Gharghoda
Distt. Raigarh (C.G.)

## बैठक क्रमांक (01)

## सत्र - 2017-18



आज दिनाँक 20/12/2017 को शास. महाविद्यालय वरघोड़ा में आंतरिक मूल्यांकन प्रकोष्ठ द्वारा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता प्र. प्राचार्य डॉ. एम. एल. पटेल द्वारा की गई।

बैठक का उद्देश्य महाविद्यालय में आंतरिक मूल्यांकन का संचालन सुचारु रूप से करवाया जाना था।

**प्रस्ताव :-**

1 आंतरिक मूल्यांकन संबंधी दिशा-निर्देश जारी करना।

2. प्रश्न-पत्र बनाने एवं अंक-विभाजन करने संबंधी जानकारी देना।

3 बैठक-व्यवस्था सुनिश्चित करना।

4. शिक्षकों की उपलब्धता पर चर्चा करना।

**कार्यवृत्त :-**

- बैठक का प्रारंभ करते हुए डॉ. श्रुति श्रीवास्तव (आंतरिक मूल्यांकन, प्रकोष्ठ प्रभारी) ने बताया कि आगामी जनवरी माह में आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा लेना संभावित है।

* उन्होंने स्पष्ट किया कि इस वर्ष से आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा में प्राप्त अंको का कुछ प्रतिशत मुख्य परीक्षा के परीक्षाफल में जोड़ा जाना है।

* प्र० प्राचार्य डॉ. मनोहर पटेल ने परीक्षा हेतु निर्देश जारी करते हुए महाविद्यालयीन स्टाफ को सावधानी-पूर्वक कार्य करने को कहा। B.Sc के लिए सुश्री रेणु कुजूर, BA के लिए श्री संतोष देवांगन एवं B.Com के लिए डॉ. श्रुति श्रीवास्तव को मौखिक आदेश दिया गया परीक्षा की संपूर्ण जिम्मेदारी व प्रभार डॉ. वाय.के. चन्द्रा को सौंपा गया।

* बैठक व्यवस्था एवं पाली (Shift) के बारे में विस्तृत चर्चा की गई।

* प्रत्येक पाली के लिए वीक्षकों को कर्तव्य-भार दिया गया।

* प्रश्न-पत्र में निर्धारित प्रश्नों की संख्या व अंक-विभाजन पर चर्चा की गई।

* सभी विषयों के सहा. प्रा.ओं से समय पर प्रश्न-पत्र छाँटने व महा. में जमा करने की अपील की गई।

* आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा में पारदर्शिता बनाने हेतु परीक्षा के दौरान बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर निषेध रखने को कहा गया।

* परीक्षा-कक्ष में वीक्षकों को सावधानी-पूर्वक निरीक्षण करने को आदेशित किया गया ताकि विद्यार्थी-गण अनुचित साधनों का प्रयोग न कर सके।

* परीक्षा की तिथि व आने वाले पाठ्यक्रम को विद्यार्थियों को लगभग एक सप्ताह पूर्व अवगत कराने को कहा गया।

* बैठक का समापन डॉ. वाय. के चन्द्रा द्वारा किया गया।

**उपस्थिति :-**

डॉ. एम. एल पटेल (प्र. प्राचार्य) – [signature]
डॉ. वाय. के. चन्द्रा – [signature]
श्री बी. एल. साण्डे – [signature]
डॉ. श्रुति श्रीवास्तव – [signature]
सुश्री रेणु कुजूर – [signature]
श्री संतोष देवांगन – S.Dewangan
कु. गरिमा जोशी – G.Joshi
श्री हेमसागर साहू – H.Sahu
श्री ईश्वर साहू – [signature]
श्री रोहित सेठ – [signature]

# बैठक क्रमांक (02)

Page No. 06

## सत्र - 2017-18

शासकीय महाविद्यालय, खरखोड़ा में आज दिनांक 3/02/18 को आंतरिक मूल्यांकन प्रकोष्ठ द्वारा बैठक आहूत की गई। इस बैठक की अध्यक्षता प्र० प्राचार्य (प्रभारी) डॉ. एम. एल. पटेल ने की। बैठक का प्रमुख उद्देश्य महाविद्यालयीन स्टाफ को आने वाली प्रायोगिक एवं मुख्य परीक्षा के बारे में अवगत करना एवं उसकी तैयारी हेतु निर्देशित करना था।

**प्रस्ताव :-**

1) प्रायोगिक परीक्षा के लिए बाह्य परीक्षक एवं तिथियों पर चर्चा।

2) मुख्य परीक्षा 2017-18 के लिए तीनो पाली के केन्द्राध्यक्ष व सहा० केन्द्राध्यक्ष के प्रस्तावित नाम पर निर्णय।

3) मुख्य परीक्षा के लिए आवश्यक निर्देश।

**कार्यवृत्त :-**

# बैठक का शुभारंभ डॉ. वाय के. चन्द्रा ने सभी का स्वागत करते हुए किया।

# उन्होंने विभिन्न विषयों के लिए विश्वविद्यालय से प्राप्त बाह्य परीक्षक (प्रायोगिक परीक्षा) के नामों की सूची से सभी को अवगत कराया। --

# प्रायोगिक विषय के सहा० प्राध्यापकों को निर्देशित किया गया कि वे बाह्य परीक्षकों से संपर्क कर तिथियों का निर्धारण करें व नियत समय में प्रायोगिक परीक्षा करवाना सुनिश्चित करें।

# महाविद्यालय के प्र०प्राचार्य डॉ. पटेल ने तीनों पालियों के लिए केन्द्राध्यक्ष व सहा० केन्द्राध्यक्ष के नाम प्रस्तावित किए, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया।

# तीनों पालियों के लिए तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों के नाम भी प्रस्तावित किए गए।

# महाविद्यालय में परीक्षा के दौरान बिजली व पीने के पानी की समुचित व्यवस्था किए जाने पर जोर दिया गया।

# थाने से प्रश्न-पत्र लाने की जिम्मेदारी श्री संतोष देवांगन, सहा० प्रा० भूगोल को सौंपी गई।

# शिक्षकों की पर्याप्त व्यवस्था करने हेतु केन्द्राध्यक्षको को निर्देशित किया गया। इस संबंध में BEO कार्यालय से शिक्षकों के नाम की सूची प्राप्त करने को कहा गया।

# बैठक का समापन डॉ. श्रुति श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

## उपस्थिति :-

1. डॉ. मनोहरलाल पटेल (प्र०प्राचार्य) -
2. डॉ. वाय० के० चन्द्रा -
3. श्री बी० एल० साण्डे
4. (श्रीमती) डॉ. श्रुति श्रीवास्तव
5. सुश्री रेणु कुजूर
6. श्री संतोष देवाँगन
7. श्री ईश्वर साहू
8. श्री रोहित सेठ
9. श्री रोहित नेहरा
10. श्री कोमलकांत वैष्णव
11. श्री रवीन्द्र राठिया